**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 4862**
**दिनांक 26 मार्च, 2018**

**सीएनजी/एलपीजी फिलिंग स्टेशन**

**4862. श्री आलोक संजरः**

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश में कितने जिलों में एलपीजी फिलिंग स्टेशन हैं; और
(ख) क्या सरकार का मध्य प्रदेश के भोपाल में सीएनजी फिलिंग स्टेशन स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नही, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री**
**(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)**

**(क):** इस समय, मध्य प्रदेश में 16 जिलों में 30 ऑटो एलपीजी डिस्पेंसिंग केन्द्र (एएलडीएस) हैं।

**(ख):** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क प्राधिकार विनियमन, 2008 के अनुसार, पीएनजीआरबी प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से विनिर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में किसी भी सीजीडी नेटवर्क के लिए प्राधिकार प्रदान करता है। सीजीडी नेटवर्क संबंधित जीएज में पीएनजी (घरेलू) और सीएनजी (परिवहन) खंड की गैस आपूर्ति को पूरा करता है। पीएनजीआरबी ने नगर गैस वितरण (सीजीडी) के 9वें बोली दौर के लिए भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) जिसमें भोपाल भी शामिल है। की सूची प्रकाशित की है।

*****